
हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 15 जुलाई 2026

04 महंगी किताबों से बिगड़ा बजट, कमीशन के ...



07 9 प्राथमिक शिक्षकों की सेवाएं समाप्त






## खबर संक्षेप

### आईएफएमआईएस केयर्स कैंप 16 व 17 जुलाई को

**सीहोर।** आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर के उपयोग में होने वाली तकनीकी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के लिए 16 एवं 17 जुलाई को जिला कोषालय में आईएफएमआईएस केयर्स कैंप आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर का उपयोग विभिन्न प्रकार के वित्तीय संव्यवहार में किया जाता है। इस व्यवस्था के उपयोग में कई बार समस्याएं आती है इन समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और आहरण-संवितरण अधिकारियों को समाधान से अवगत कराने के लिए यह कैंप लगाया जा रहा है।

### उच्च शिक्षण संस्थानों में 30 तक नशा विरोधी अभियान

**सीहोर।** प्रदेश के सभी शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान चलेगा। अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक रहेगा। मकसद विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाना है। समाज में नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता बढ़ाना है। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत तय समय में जागरूकता गतिविधियां करानी होंगी।

### आज किसान महासंघ देगा डीएम को ज्ञापन

**सीहोर।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ और देश बचाओ मोर्चा बुधवार दोपहर में प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को देगा। महासंघ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता किसान भारत अमेरिका मुक्त व्यापार फ्री ट्रेड डील समझोते को लेकर कड़ा विरोध कलेक्ट्रेट में दर्ज कराएंगे। प्रदर्शन में जिले भर के किसान सम्मिलित होकर इस देश विरोधी डील को निरस्त करने और किसानों की समस्याओं का निराकरण करने और महासंघ की सभी मांगों को पूरा करने की मांग केंद्र सरकार से करेंगे। राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के जिला अध्यक्ष कचरू परमार ने बताया कि प्रस्तावित भारत अमेरिका ट्रेड डील देश के किसानों खेत मजदूरों पशुपालको, छोटे व्यापारियो, लघू उधोगो एवं देश की खाध्य तथा आर्थिक सम्प्रभुता के लिये खतरा है यह समझोता भारतीय कृषि ग्रामीण अर्थ व्यवस्था और करोडो लोगो की आजीविका पर प्रतिकुल प्रभाव डालेगा यह समझोता किसानो का डेथ (मृत्यु) वारंट है जो किसी हालत में स्वीकार नही किया जायेगा ।

### तेज रफ्तार और नाबालिग मजदूरी ने खोली सिस्टम की पोल, हादसे के बाद चालक फरार

# ओवरटेक के समय हादसाः मजदूरों से भरी पिकअप पलटी, एक की मौके पर मौत, 20 से ज्यादा घायल

हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। पलटी हुई पिकअप को सीधा कर मजदूरों को बाहर निकाला गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा/रेहटी






तहसील क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुआ दर्दनाक सड़क हादसा सिर्फ एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की कई गंभीर खामियों को उजागर कर गया। धान रोपाई के लिए जा रहे मजदूरों से भरी एक पिकअप गाड़ी ओवरटेक करते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 30 वर्षीय अनीता बरेला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक मजदूर घायल हो गए।घायलों में महिलाएं, पुरूष युवक-युवतियां और नाबालिग बच्चे भी शामिल हैं। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

#### कैसे हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, लाड़कुई क्षेत्र के भिलाई और आसपास के गांवों से करीब 35 से 40 मजदूर एक ही पिकअप में सवार होकर मालीबया गांव जा रहे थे। सुबह करीब 9 बजे जनपद पंचायत भैरूंदा के अंतर्गत ग्राम पंचायत भैंसान-आमिरगंज मार्ग पर चालक ने एक वाहन को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान वाहन का संतुलन बिगड़ गया और पिकअप सड़क किनारे पलट गई।

पिकअप पलटते ही मजदूर इधर-उधर जा गिरे और मौके पर चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि अधिकांश लोग सड़क से नीचे की ओर गिरे, जिससे बड़ा हादसा टल गया, अन्यथा जानमाल का नुकसान और भी अधिक हो सकता था। हादसे में भिलाई निवासी अनीता बरेला (30) की मौके पर ही मौत हो गई।

#### पिकअप में सवार मजदूरो की जुबानी

घायलों ने बताया कि वाहन में क्षमता से कहीं ज्यादा लोग बैठे थे। पूजा बाई के अनुसार, "गाड़ी में करीब 35 से 40 मजदूर सवार थे, अचानक झटका लगते ही सभी गिर पड़े। राकेश ने बताया कि चालक तेज गति से वाहन चला रहा था और ओवरटेक करते समय नियंत्रण खो बैठा, जिससे वाहन पलट गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरों को इस तरह ठूंसकर ले जाना आम बात बन गई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस पर कार्रवाई नहीं करते।

घायलों में स्वरूप, समनी, सोधार, पूजा, जितेंद्र, संगीता, सोमारी, निरखी, अनीशा, ममता, पिंकी, उमेश, राधा, राकेश, तिलक, मनीषा सहित अन्य मजदूर शामिल हैं। इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है।

#### ग्रामीणों ने संभाला मोर्चा

हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। पलटी हुई पिकअप को सीधा कर मजदूरों को बाहर निकाला गया। घायलों को निजी वाहनों और एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। ग्रामीणों की तत्परता से कई लोगों की जान बच सकी।

घटना की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाड़कुई और सिविल अस्पताल भैरूंदा में एक साथ बड़ी संख्या में घायलों को लाया गया, जिससे अस्पतालों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल सीहोर और भोपाल रेफर किया।

#### बड़ा सवालः स्कूल की उम्र में मजदूरी क्यों

इस हादसे ने एक और गंभीर सच्चाई उजागर की है, घायलों में कई नाबालिग युवक युवतियां शामिल हैं, जो स्कूल जाने की उम्र में खेतों में मजदूरी करने जा रहे थे। सरकार द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आती है।

बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए नियुक्त किए गए प्रेरक और शिक्षा विभाग की व्यवस्थाएं प्रभावी नहीं दिख रही हैं। हाल ही में प्रेरकों को प्रशिक्षण दिए जाने के बावजूद उनका असर मैदानी स्तर पर नजर नहीं आ रहा। यह स्थिति न केवल बाल मजदूरी की समस्या को उजागर करती है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है।

#### ओवरलोडिंग पर कब लगेगी लगाम

करीब 40 लोगों को एक छोटे पिकअप वाहन में बैठाकर ले जाना स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। इसके बावजूद ग्रामीण क्षेत्रों में यह आम चलन बन चुका है। न तो परिवहन विभाग सख्ती दिखा रहा है और न ही स्थानीय प्रशासन इस पर नियंत्रण कर पा रहा है। यह लापरवाही ही ऐसे हादसों को जन्म दे रही है।

#### ये बोले भैरूंदा थाना प्रभारी

थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के अनुसार, हादसा ओवरटेक के दौरान वाहन अनियंत्रित होने से हुआ है। एक महिला की मौत हुई है और कई लोग घायल हैं। मामला रेहटी थाना अंतर्गत का है पुलिस द्वारा फरार चालक की तलाश की जा रही है तथा मामले की जांच जारी है।

## जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर निकाली जाएगी रथ यात्रा



**सीहोर।** इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा जी की भव्य रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई को किया जाएगा। मंगलवार को शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर में मंगलवार को 108 संत पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के मार्गदर्शन में जगन्नाथ पुरी से चलती प्रतिमाओं का विशेष अभिषेक किया गया। इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री के द्वारा जलाधिवास, पुष्पाधिवास आदि किया गया। वहीं बुधवार को सुबह सात बजे से महाभिषेक और दस बजे से एक बजे तक हवन किया जाएगा। गुरुवार की सुबह भव्य रूप से रथ यात्रा निकाली जाएगी।

यह ऐतिहासिक एवं धार्मिक रथ यात्रा शहर के प्राचीन जगदीश मंदिर, छावनी से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई संजय टाकीज के पास स्थित स्वर्णकार समाज मंदिर पहुंचेगी। लगातार 66 सालों से परमार क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के तत्वाधान में निकाली जाने वाली भव्य यात्रा को लेकर समाजजन ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में उत्साह है। मंगलवार को क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए संत पंडित श्री कटारे ने कहाकि मानव का जीवन मिला है तो हमें अपने तीन धर्मों का अवश्य ही पालन करना चाहिए। धर्म, मानवता और राष्ट्र की रक्षा करना ही मानव के तीन महत्वपूर्ण धर्म हैं। सबसे पहले मानव को अपने धर्म को नहीं भूलना चाहिए। परिवार के साथ मिलकर पूजा-अर्चना करनी चाहिए। दूसरा धर्म मानवता का है। हमें इसे निभाते हुए हर किसी की मदद करनी चाहिए। यह नहीं कि किसी को भी परेशानी में देखने के बाद भी उसे इग्नोर कर आगे बढ़ जाएं। तीसरा धर्म राष्ट्र की रक्षा करने का है।

समाज के वरिष्ठ तुलसीराम पटेल और पूर्व चल समारोह अध्यक्ष सुरेश गब्बर परमार ने बताया कि परमार समाज और क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं के द्वारा निरंतर पूरी की तर्ज पर यात्रा निकाली जाती है। आयोजन समिति ने शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है। रथ यात्रा के दौरान पूरा शहर जय जगन्नाथ के जयघोष से गुंजायमान रहेगा और भक्तिभाव का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस वर्ष चल समारोह का अध्यक्ष भंवर लाल परमार को बनाया गया है। उनके नेतृत्व में उत्साह के साथ चल समारोह निकाला जाएगा।

इस मौके पर शहर के छावनी स्थित मंदिर पर विशेष पूजा अर्चना की जाएगी और 16 जुलाई को शहर में भव्य यात्रा निकाली जाएगी। नगर भ्रमण पर रथ में बलदाऊ भैया, बहन सुभद्रा के साथ जगतपति जगन्नाथ स्वामी को विराजमान किया जाएगा और उसके बाद शहर के छावनी के विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। श्रद्धालुओं के द्वारा रथ को खिचने का इंतजाम किया गया है। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ तीन रथों पर सवार होते हैं। सुबह मंदिर परिसर में विशेष आरती का आयोजन किया जाएगा और उसके पश्चात रथ यात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा को लेकर शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। आयोजन समिति के अनुसार यात्रा में हजारों की संख्या में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु शामिल होंगे। भगवान जगन्नाथ की इस यात्रा को लेकर श्रद्धालु विशेष तैयारियों में जुटे हुए हैं। रथ यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली भजन-कीर्तन मंडलियां अपनी मधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बनाएंगी। वहीं आकर्षक बैंड-बाजे, ढोल, डीजे एवं धार्मिक झांकियां यात्रा की शोभा बढ़ाएंगी। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया जाएगा तथा पुष्पवर्षा की जाएगी। इस आयोजन की विशेषता यह है कि श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के रथ को अपने हाथों से खींचते हैं। मान्यता है कि भगवान के रथ को खींचने से पुण्य की प्राप्ति होती है और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

## पांच दिन से थमा मानसून, किसान बारिश के इंतजार में, जिले में 13.97 इंच औसत वर्षा

### नए सिस्टम से फिर झमाझम बरसात की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में पिछले पांच दिनों से मानसून की गति धीमी पड़ गई है, जिससे बारिश का दौर थम गया है। धूप और उमस के कारण लोग परेशान हैं, वहीं किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। भू-अभिलेख विभाग द्वारा 13 जुलाई तक जारी आंकड़ों के अनुसार, 1 जून से अब तक जिले में कुल 13.97 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई है।

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश की स्थिति अलग-अलग रही है। इस सीजन में आष्टा ब्लॉक में सर्वाधिक 19.29 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके बाद जावर में 16.89 इंच और भैरुंदा में 15.31 इंच वर्षा हुई है। इछावर में 14.69 इंच, रेहटी में 13.67 इंच और जिला मुख्यालय सीहोर में 12.75 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। बुधनी क्षेत्र में 11.44 इंच वर्षा हुई है, जबकि श्यामपुर क्षेत्र में सबसे कम 7.73 इंच पानी गिरा है। आज (सोमवार ) जिले के किसी भी केंद्र पर बारिश दर्ज नहीं की गई।

**हल्की बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी :** मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार, वर्तमान में कोई मजबूत मानसूनी सिस्टम सक्रिय न होने के कारण पिछले पांच दिनों से भारी बारिश रुकी हुई है। हालांकि, स्थानीय स्तर पर हवा में नमी और गर्मी के कारण हल्के बादल छाए रह सकते हैं और कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी की संभावना बनी रहेगी। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि अगले 3-4 दिनों के भीतर बंगाल की खाड़ी में एक नया कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय हो सकता है।

इसके प्रभाव से जुलाई के मध्य में जिले भर में एक बार फिर झमाझम बारिश का नया दौर शुरू होने की पूरी उम्मीद है। तब तक उमस और हल्की गर्मी का असर बना रहेगा।

### हाईटेक कचरा घर जलाः 1 दिन पहले से उठ रहा था धुआं

# लापरवाही के कारण लाखों की संपत्ति जलकर राख, बाहर फेंके कचरे से भड़की लपटें



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

स्वच्छ भारत अभियान के तहत इंग्लिशपुरा में लाखों की लागत से बना नगर पालिका का हाईटेक कचरा घर मंगलवार सुबह जलकर खाक हो गया। लेकिन इस भीषण आगजनी ने अब कई गंभीर सवालों को जन्म दे दिया है। आखिर वह कौन है जिसने कचरा घर के बाहर बोरियों में भरकर भारी मात्रा में वेस्ट मटेरियल पटका था और सुलग रही इस आग को किसने हवा दी।

स्थानीय निवासियों के मुताबिक कचरा घर के भीतर कचरा डालने की पूरी व्यवस्था होने के बावजूद बाहर खुले में बोरियों में भरकर भारी मात्रा में कचरा फेंका गया था। चर्चा है कि क्षेत्र के शहर के गांधी रोड स्थित एक कपड़ा व्यापारी द्वारा अपनी दुकान या गोदाम का कतरन और वेस्ट मटेरियल चोरी-छिपे यहां लाकर पटका गया था।

सवाल यह है कि जब शहर को साफ रखने के लिए लाखों का हाईटेक सिस्टम बनाया गया था तो नियमों को ताक पर रखकर इस तरह बाहर कचरा फेंकने की हिम्मत किसने और क्यों की।

**सोमवार से उठ रहा था धुआं, मंगलवार को बनी लपटें :** स्थानीय लोगों का कहना है कि सोमवार शाम बाहर जमा इन बोरियों से हल्का धुआं उठना शुरू हो चुका था। मंगलवार सुबह देखते ही देखते इस धुएं ने विकराल आग का रूप ले लिया और पूरे कचरा घर को अपनी चपेट में ले लिया। यहां सवाल यह उठता है कि क्या किसी ने जानबूझकर इस कचरे में आग लगाई थी या किसी जलती हुई बीड़ी-सिगरेट की वजह से यह हादसा हुआ।

**लाखों का हाईटेक ढांचा पल भर में स्वाहाः**आग इतनी तेजी से फैली कि अत्याधुनिक कचरा घर का पूरा ढांचा और उसमें लगी मशीनें कुछ ही देर में पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। घटना के दौरान आसमान में काले धुएं का ऐसा गुबार उठा कि पूरे इलाके में दहशत फैल गई। लाखों रुपये की सरकारी संपत्ति पल भर में कबाड़ में तब्दील हो गई। अब इस मामले में लोगों के मन में सवाल है कि सीसीटीवी या स्थानीय गवाहों के आधार पर उस कपड़ा व्यापारी पर कार्रवाई कब होगी जिसने नियमों की धज्जियां उड़ाकर बाहर कचरा फेंका।

## आरटीआई लगाने पर तलवार-लाठी से मारपीटः आरोप- सरपंच, रोजगार सहायक ने हमला किया, कलेक्टर से की शिकायत



**सीहोर।** जिले की भैरुंदा तहसील में सूचना का अधिकार कार्यकर्ता विजय मीना पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। आरोप है कि ग्राम पंचायत में कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने और आरटीआई लगाने के बाद उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। मारपीट की घटना 30 जून 2026 को जनसुनवाई के दौरान हुई, जिसमें ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर उनकी जान बचाई। मंगलवार जनसुनवाई में कलेक्टर से इस मामले में शिकायत की गई है। ग्राम कुमताल निवासी विजय मीना ने अपनी ग्राम पंचायत में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आरटीआई दायर की थी। पीड़ित का आरोप है कि आरटीआई लगाने के बाद से ही ग्राम पंचायत के सरपंच और रोजगार सहायक उन्हें लगातार धमकियां दे रहे थे और परेशान कर रहे थे।

#### जनसुनवाई से बाहर निकालने का भी आरोप

शिकायती पत्र के अनुसार, विवाद तब बढ़ा जब 30 जून 2026 को पंचायत भवन में जनसुनवाई चल रही थी। विजय मीना का आरोप है कि जब वह वहां पहुंचे, तो रोजगार सहायक इमरत मीना ने उनके साथ गाली-गलौज की और उन्हें पंचायत भवन से बाहर निकाल दिया।

इसके बाद रोजगार सहायक इमरत मीना, उनके पुत्र आर्यन मीना, आनंद मीना, लोकेश मीना, हुकम सिंह मीना और इमरत मीना के भाई सुंदर लाल मीना ने मिलकर विजय मीना पर तलवार, दराती, तगिया और लाठियों से जानलेवा हमला कर दिया।

#### बोले- ग्रामीणों ने मेरी जान बचाई

विजय मीना ने बताया कि हमला इतना अचानक और घातक था कि यदि मौके पर मौजूद गांव के अन्य लोग बीच-बचाव नहीं करते, तो उनकी जान जा सकती थी। ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्परता के कारण ही हमलावरों के चंगुल से उनकी जान बच सकी। पीड़ित ने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## खबर संक्षेप

### नवीन भैरवे बने सीहोर विधानसभा प्रभारी



**सीहोर।** बहुजन समाज पार्टी ने संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नवीन भैरवे को सीहोर विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा की गई इस नियुक्ति को संगठन विस्तार एवं आगामी राजनीतिक गतिविधियों को गति देने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नियुक्ति की जानकारी देते हुए जिला महासचिव नरसिंह भारतीय ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी लगातार संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में नवीन भैरवे को उनकी सक्रियता, संगठन के प्रति समर्पण तथा कार्यशैली को देखते हुए सीहोर विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवीन भैरवे के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य और अधिक प्रभावी ढंग से किया जाएगा। नियुक्ति पर शुभकामनाएं एवं बधाई देने वालों में बंटी जाटव, धीरज अहिरवार (विधानसभा अध्यक्ष, सीहोर), थान सिंह अहिरवार, देवप्रकाश, रामस्वरूप भारती, विक्की महोबिया, बीरू जाटव, विपिन मालवीय, दुर्गेश मालवीय, विजय मालवीय सहित बड़ी संख्या में बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### दिव्यांगजन नीति के संबंध में बैठक आयोजित कर आयुक्त ने लिए सुझाव

**सीहोर।** दिव्यांगजन आयुक्त डॉ. अजय खेमरिया द्वारा जिला पंचायत सभाकक्ष में राज्य दिव्यांगजन नीति के संबंध में चर्चा एवं सुझाव आमंत्रित करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों, दिव्यांगजनों तथा उनसे जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए गए। बैठक मे डॉ. अजय खेमरिया ने कहा कि प्रदेश स्तर पर ऐसी समग्र एवं व्यवहारिक दिव्यांगजन नीति तैयार की जानी चाहिए, जिससे दिव्यांगजनों के कल्याण, पुनर्वास और सशक्तिकरण से जुड़े कार्य अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकें। उन्होंने कहा कि नीति ऐसी हो, जिससे दिव्यांगजनों को जिला स्तर पर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ सरलता और समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण में जमीनी अनुभवों और हितधारकों के सुझावों का विशेष महत्व है। इसलिए सभी संबंधित विभागों एवं सामाजिक संगठनों के सुझावों को गंभीरता से शामिल किया जाएगा, ताकि दिव्यांगजनों के लिए अधिक समावेशी, सुविधाजनक एवं परिणाममुखी व्यवस्था विकसित की जा सके।

### निजी पब्लिशर्स की किताबों को प्राथमिकता, एनसीईआरटी की अनदेखी

# महंगी किताबों से बिगड़ा बजट, कमीशन के खेल के आरोप, नई शिक्षा नीति से भी नहीं मिली राहत

स्थानीय पुस्तक विक्रेताओं का दावा है कि निजी प्रकाशकों और कुछ स्कूल संचालकों के बीच 35 से 40 प्रतिशत तक कमीशन का खेल चलता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

नवीन शिक्षण सत्र 2026 शुरू होते ही अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कई निजी स्कूलों में 25 जून से कक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। लेकिन बच्चों के प्रवेश, फीस और अन्य व्यवस्थाओं के बीच सबसे बड़ी चिंता महंगी स्कूली किताबों को लेकर सामने आई है। नर्सरी से लेकर कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थियों के लिए निजी पब्लिशर्स की किताबों के सेट हजारों रुपये में उपलब्ध हैं, जिससे अभिभावकों का बजट पूरी तरह गड़बड़ा गया है। कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक भी कुछ ऐसी ही स्थिति देखी जा सकती है। कई निजी संस्थाओं ने तो अपने पूरे कोर्स ड्रेस व संसाधनों के नाम फिक्स कर दिए हैं। दुकानों पर पहुंचते ही इन संस्थाओं की ड्रेस सहित अन्य सामग्री फिक्स दाम पर उपलब्ध है। अभिभावकों का कहना है कि नई शिक्षा नीति से उन्हें शिक्षा सस्ती और सुलभ होने की उम्मीद थी। लेकिन निजी स्कूलों में महंगी किताबों का चलन पहले की तरह जारी है। इस वर्ष भी प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी पहल दिखाई नहीं दी, जिससे पालकों में नाराजगी है।

**किताबों के साथ यूनिफॉर्म, फीस और बस का खर्च भी भारी:** अभिभावकों के अनुसार केवल किताबें ही नहीं, बल्कि स्कूल यूनिफॉर्म, जूते, बैग, कॉपी-किताबें, स्टेशनरी, वार्षिक शुल्क और स्कूल बस शुल्क जोड़ने पर नर्सरी से कक्षा पांचवीं तक एक बच्चे की पढ़ाई पर 35 हजार से 50 हजार रुपये तक का खर्च आ रहा है।



मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग के परिवारों के लिए इतनी बड़ी राशि की व्यवस्था करना चुनौती बन गया है।

#### निजी पब्लिशर्स की किताबों को प्राथमिकता एनसीईआरटी की अनदेखी

क्षेत्र के कई निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की अपेक्षा निजी पब्लिशर्स की किताबें अधिक लगाई जा रही हैं। इन पुस्तकों की कीमत सरकारी पुस्तकों की तुलना में कई गुना अधिक होती है। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन जानबूझकर ऐसे निजी प्रकाशकों की किताबें निर्धारित करते हैं, जिनसे उन्हें आर्थिक लाभ मिलता है। इससे अभिभावकों के पास महंगी किताबें खरीदने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता।

#### कमीशन के खेल के आरोप

स्थानीय पुस्तक विक्रेताओं का दावा है कि निजी प्रकाशकों और कुछ स्कूल संचालकों के बीच 35 से 40 प्रतिशत तक कमीशन का खेल चलता है। नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर एक पुस्तक विक्रेता ने बताया कि कई प्रकाशक स्कूलों को अधिक कमीशन देने के कारण अपनी किताबें पाठ्यक्रम में शामिल करवाते हैं। यही वजह है कि वास्तविक लागत से कहीं अधिक कीमत पर किताबें बेची जाती हैं और इसका सीधा बोझ अभिभावकों पर पड़ता है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और संबंधित स्कूलों या प्रकाशकों का पक्ष भी सामने नहीं आया है।

#### नई शिक्षा नीति से भी नहीं मिली अपेक्षित राहत

नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद अभिभावकों को उम्मीद थी कि शिक्षा व्यवस्था अधिक पारदर्शी और किफायती होगी, लेकिन निजी स्कूलों में महंगे निजी प्रकाशनों की किताबें अनिवार्य किए जाने की शिकायतें लगातार बनी हुई हैं। इससे शिक्षा का खर्च कम होने के बजाय लगातार बढ़ता जा रहा है। अभिभावकों ने शासन और प्रशासन से मांग की है कि निजी स्कूलों में पुस्तक चयन की प्रक्रिया की जांच कराई जाए, कथित कमीशनखोरी की निष्पक्ष जांच हो तथा विद्यार्थियों के हित में एनसीईआरटी अथवा अन्य किफायती पुस्तकों को प्राथमिकता देने के लिए प्रभावी दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। इससे शिक्षा का बढ़ता आर्थिक बोझ काफी हद तक कम किया जा सकता है।

#### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

अभिभावकों का कहना है कि वर्षों से महंगी किताबों की शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यदि स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों को प्राथमिकता दी जाए या निजी पुस्तकों की कीमतों और चयन प्रक्रिया की निगरानी की जाए, तो अभिभावकों को बड़ी राहत मिल सकती है।

## कोई भी बच्चा और गर्भवती महिला टीकाकरण से न छूटे : कलेक्टर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने ग्राम नापलाखेड़ी, सतपिपलिया एवं धामंदा स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्रों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के अंतर्गत किए जा रहे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार का निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्टरों का अवलोकन कर टीकाकरण की प्रगति, लाभार्थियों की संख्या तथा अभिलेखों की अद्यतन स्थिति की जानकारी भी ली।




निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि जिले के सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए तथा स्वास्थ्य केंद्रों पर आवश्यक दवाओं एवं अन्य संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है। इसलिए दोनों विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक सत्र का गंभीरता से संचालन सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि टीकाकरण से संबंधित आंकड़े दोनों विभागों के अभिलेखों में एक समान होना चाहिए। यदि किसी प्रकार का अंतर पाया जाता है तो उसे तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि दोनों विभाग प्रत्येक माह संयुक्त रूप से रिकॉर्ड का मिलान करें तथा लाभार्थियों की सूची का सत्यापन करें, जिससे कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला छूटने न पाए।


कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का नियमित निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर सीएमएचओ एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी संयुक्त रूप से निरीक्षण करेंगे। इसी प्रकार विकासखंड स्तर पर बीएमओ एवं सीडीपीओ संयुक्त रूप से निरीक्षण करेंगे, जबकि सेक्टर स्तर पर स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर संयुक्त रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निरीक्षण के दौरान प्राप्त कमियों का तत्काल निराकरण कराया जाए तथा सभी स्तरों पर निरंतर मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच बेहतर समन्वय, नियमित निरीक्षण और सतत निगरानी से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा तथा शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक प्रभावी रूप से पहुंच सकेगा।

निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया, महिला बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञानेश खरे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### जनसुनवाई में 96 आवदेनों पर हुई सुनवाई

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 96 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ़.-रास्ता विवाद, बीपीएल कार्ड, प्रधानमंत्री आवास, गन लाइसेंस, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर बृजेश सक्सेना, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



## नमस्ते दिवस पर सफाई मित्रों का सम्मान, पीपीई किट वितरित

**बुधनी।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सैनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) के अंतर्गत मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में नमस्ते दिवस का आयोजन किया गया। परिषद के सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में सीवर एवं सेफ्टी टैंक से जुड़े कार्यों में लगे सफाई मित्रों का सम्मान कर उन्हें सुरक्षा उपकरण (पीपीई किट) वितरित किए गए।




कार्यक्रम में सफाई मित्रों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया तथा उनके स्वच्छता एवं जनसेवा में दिए जा रहे योगदान की सराहना की गई। इस दौरान स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर अर्जुन मालवीय ने कहा कि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्होंने सभी सफाई मित्रों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा,समर्पण और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए करने का आग्रह किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी डॉ. प्रशांत जैन ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई मित्रों के सम्मान के साथ-साथ उन्हें सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य से सभी संबंधित कर्मचारियों को पीपीई किट भी वितरित की गई। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा,पार्षद प्रभात भदौरिया सहित नगर परिषद के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भैरूंदा से निकलेगी प्रथम पैदल निशान यात्रा, 90 श्याम भक्त करेंगे पदयात्रा

**भैरूंदा।** श्री श्याम मंदिर समिति गोकुल धाम कॉलोनी भैरूंदा के तत्वाधान में प्रथम पैदल निशान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा कल 15 जुलाई बुधवार को प्रातः 9 बजे श्री खाटू श्याम मंदिर से विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ रवाना होगी। यात्रा में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 90 श्याम भक्त निशान लेकर पैदल खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। समिति के अनुसार यह संपूर्ण यात्रा निःशुल्क आयोजित की जा रही है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के भोजन, ठहरने, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समिति द्वारा की गई हैं। प्रस्थान से पूर्व मंदिर परिसर में बाबा श्याम की विशेष पूजा-अर्चना, आरती एवं निशान पूजन किया जाएगा। जिसके बाद श्रद्धालु जय श्री श्याम के जयघोष के साथ यात्रा आरंभ करेंगे। भैरूंदा से श्री खाटू श्याम मंदिर (खाटू धाम), रींगस, राजस्थान की सड़क मार्ग से दूरी लगभग 600 से 630 किलोमीटर है। श्रद्धालु यह लंबी यात्रा पैदल तय करते हुए बाबा श्याम के दरबार में निशान अर्पित करेंगे। पदयात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्थानीय श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा यात्रियों का स्वागत किया जाएगा। श्री श्याम मंदिर समिति ने नगर एवं आसपास के श्याम प्रेमियों से यात्रा के शुभारंभ अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर यात्रियों का उत्साहवर्धन करने तथा बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है। समिति का कहना है कि प्रथम बार आयोजित हो रही इस पदयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है और इसे भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

### कलेक्टर ने की मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की मासिक समीक्षा

# सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ शिशु सुनिश्चित करना विभागों की साझा जिम्मेदारी है : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पोषण समिति एवं जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं तथा गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले से कुपोषण समाप्त करना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए चिन्हित बच्चों का नियमित फॉलोअप किया जाए तथा गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को समय पर सभी स्वास्थ्य एवं पोषण सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।




कलेक्टर बालागुरू के. ने टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण की नियमित समीक्षा करने, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी रखने तथा मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी गर्भवती महिला की मृत्यु नहीं होनी चाहिए। सुरक्षित मातृत्व और स्वस्थ शिशु सुनिश्चित करना स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला पोषण समिति की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने नियमित एएनसी जांच, एनीमिया की पहचान एवं उपचार, समय पर टीकाकरण तथा संस्थागत प्रसव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में गर्भवती महिलाओं की प्रथम एएनसी जांच का प्रदर्शन 99.68 प्रतिशत तथा द्वितीय एएनसी जांच 89.46 प्रतिशत रहा। बच्चों के शारीरिक मापन का कार्य 99.86 प्रतिशत पूर्ण किया गया, जबकि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर सामुदायिक आधारित आयोजनों का लक्ष्य लगभग शत-प्रतिशत पूरा किया गया। एबीएचए आईडी सत्यापन में भी जिला 89.43 प्रतिशत प्रगति दर्ज कर चुका है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि अप्रैल से जून 2026 के दौरान 89 प्रतिशत से अधिक नवजात शिशुओं को आशा कार्यकर्ताओं द्वारा निर्धारित होम विजिट सेवाएं प्रदान की गईं। विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में लगभग 88 प्रतिशत नवजातों का सफल उपचार किया गया। नियमित टीकाकरण अभियान के अंतर्गत मीजल्स-रूबेला की दूसरी खुराक का 95 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया तथा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में जिले ने टीबी नोटिफिकेशन के लक्ष्य का 93 प्रतिशत हासिल किया।

कलेक्टर बालागुरू के. ने बेहतर निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में प्रगति अपेक्षाकृत कम है, वहां विशेष प्रयास कर सभी पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध एवं त्वरित स्वास्थ्य और पोषण सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में सीएमएचओ डॉ सुधीर डेहरिया, महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री ज्ञानेश खरे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## केएल बैरागी बने प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के उपप्रांताध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के वरिष्ठ एवं सक्रिय पदाधिकारी के.एल. बैरागी को संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी में उप प्रांताध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनके मनोनयन से जिले सहित प्रदेशभर के पेंशनर्स में हर्ष का माहौल है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं पेंशनर्स साथियों ने इसे पेंशनरों के हितों को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय बताया है।



प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी द्वारा यह मनोनयन संगठन को प्रदेश स्तर पर अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने की दृष्टि से किया गया है। संगठन का उद्देश्य प्रदेश के सभी जिलों में पेंशनर्स एसोसिएशन की गतिविधियों को गति देना, जिन जिलों में अभी तक जिला शाखाओं का गठन नहीं हुआ है वहां नई शाखाओं का गठन करवाना, संगठनात्मक विस्तार करना तथा पेंशनरों की लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए प्रभावी पहल करना है। प्रांताध्यक्ष ने विश्वास व्यक्त किया है कि के.एल. बैरागी अपने लंबे संगठनात्मक अनुभव, सक्रिय कार्यशैली एवं पेंशनरों के प्रति समर्पित भाव के साथ प्रदेशभर में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। उनके नेतृत्व में जिला इकाइयों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा तथा पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए शासन-प्रशासन के समक्ष प्रभावी रूप से पक्ष रखा जाएगा। मनोनयन की घोषणा के बाद प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन, सीहोर के जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी द्वारा के.एल. बैरागी का पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री राठौर ने संगठन के प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एल.एन. कैलाशिया तथा कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एच.पी. उरमलिया सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने योग्य एवं अनुभवी नेतृत्व को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर पेंशनर्स समाज का सम्मान बढ़ाया है।

## अग्निवीर भर्ती रैली 28 जुलाई से भोपाल में

**ब्यावरा।** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा 28 जुलाई से 08 अगस्त तक अंतराष्ट्रीय स्पोर्टस कम्प्लेक्स भोपाल में मध्य प्रदेश के 15 जिलों अशोकनगर, भोपाल, बेतुल, छिंदवाडा, दामोह, गुना,हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पन्ना, पन्दुर्ना, रायसेन, राजगढ, सीहोर और विदिशा के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर तकनीकी व अग्निवीर ट्रेड्समैन रैली का आयोजन होगा। मध्य प्रदेश व छतीसगढ़ के सभी जिलों के लिए धर्म गुरू और एजुकेशन हवलदार की भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जाएगा। सेना द्वारा 01 जून से 12 जून 2026 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया गया था। सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) का परिणाम 12 जुलाई, 2026 को जॉइन इंडियन आर्मी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र 13 जुलाई, 2026 को उनकी ई-मेल पर भेज दिया जाएगा। रैली भर्ती में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर अंकित तिथि एवं समय के अनुसार भर्ती रैली स्थान पर प्रवेश दिया जाएगा। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए प्रवेश पत्र व सभी दस्तावेज रैली अधिसूचना के अनुसार तथा साथ में आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर और इंटरनेट कनेक्शन के साथ स्मार्ट मोबाइल फोन भी लेकर आना अनिवार्य है।

### कूटरचित असत्य शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त की...

# 9 प्राथमिक शिक्षकों की सेवाएं समाप्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शिक्षा विभाग के कूटरचित असत्य शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त करने वाले जिले के 9 प्राथमिक शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की गई हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में कार्यालय को प्राप्त शिकायतों के आधार पर प्राथमिक शिक्षकों द्वारा नियुक्ति संविलियन के समय प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रामाणिकता की जांच कराई गई।

जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों का सत्यापन माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल तथा कर्नाटक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी मैसूर से कराया गया। प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदनों के आधार पर गठित जांच समिति द्वारा उपलब्ध सेवा अभिलेखों, नियुक्ति अभिलेखों एवं अन्य दस्तावेजों का परीक्षण कर 03 जुलाई को अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए सभी संबंधित कर्मचारियों को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर प्रदान किया गया तथा उनके द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों एवं कथनों का परीक्षण किया गया। उपलब्ध तथ्यों से संबंधित परीक्षा प्राधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए सत्यापन प्रतिवेदनों का खंडन नहीं हो सका। उपलब्ध समस्त अभिलेखों, संबंधित परीक्षा प्राधिकारियों से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदनों, जांच समिति के अंतिम प्रतिवेदन तथा व्यक्तिगत सुनवाई के उपरांत प्राथमिक शिक्षकों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

### यह 9 शिक्षकों पर हुई कार्रवाई

जिला षिक्षा अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाही में रमेशचन्द्र यादव प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक विद्यालय आगरी, पवन शर्मा प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय आगर, सुनील कुमार प्रजापति प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय सीलखेड़ा का पुरा, हेमंत शर्मा प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय भगवतीपुर, सावित्री दांगी प्राथमिक शिक्षिका, एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पाडलीमहाराजा, बनेसिंह लववंशी प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय नालियाखेड़ी. भारतसिंह यादव प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय आगर, हरिप्रसाद लववंशी प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय पाडलीमहाराजा सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ब्यावरा अंतर्गत है तथा हिम्मतसिंह मीना प्राथमिक शिक्षक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय छापरीकलां विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नरसिंहगढ़ शामिल है।

### पुलिस अधीक्षक को शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज करवाने भेजा पत्र

शिक्षा विभाग ने उक्त सभी षिक्षकों के खिलाफ जांच समिति की अनुशंसा एवं उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत आवश्यक वैधानिक एवं आपराधिक कार्यवाही किए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक को पत्र प्रेषित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा है कि शासकीय सेवा में नियुक्ति के लिए प्रस्तुत शैक्षणिक दस्तावेजों की सत्यता सर्वोपरि है। कूटरचित अथवा असत्य शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर शासकीय सेवा प्राप्त करने के मामलों में शासन की नीति के अनुरूप कठोर एवं विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। विभाग शासकीय सेवा में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं विधिसम्मत नियुक्ति प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### शीशा टूटा, यात्री बाल-बाल बचे

# राजस्थान रोडवेज बस पर अज्ञात युवक ने किया पथराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

सोमवार दोपहर राजस्थान परिवहन निगम की बूंदी-इंदौर मार्ग पर संचालित रोडवेज बस पर अज्ञात युवक द्वारा पथराव किए जाने का मामला सामने आया है। घटना पुराना हाईवे शिव साधना होटल के पास की बताई जा रही है। अचानक हुए पथराव से बस का पिछला शीशा पूरी तरह टूट गया, जबकि सामने के हिस्से को भी नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि उस समय बस में सवार किसी भी यात्री को चोट नहीं आई और सभी यात्री बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बस अपने निर्धारित मार्ग पर बूंदी से इंदौर की ओर जा रही थी।

इसी दौरान शिव साधना होटल के समीप एक अज्ञात युवक ने बस पर पत्थर फेंक दिया। पत्थर लगते ही बस का कांच चकनाचूर हो गया, जिससे कुछ देर के लिए बस में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को सुरक्षित स्थान पर रोका और यात्रियों को शांत कराया। घटना के बाद बस चालक ने सारंगपुर थाना पहुंचकर अज्ञात युवक के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि पथराव करने वाले युवक की पहचान कर उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा सके। घटना के बाद यात्रियों में भय और आक्रोश का माहौल देखा गया।

# पत्रकार सम्मान समारोह में पार्षद ने कराया कीटनाशक छिड़काव

### वार्ड 10 में मच्छरों से बचाव के लिए निजी खर्च से शुरू किया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

नगर के प्रसिद्ध चामुंडेश्वरी माता मंदिर परिसर में वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद सुशीला मनोहर बरेठा के आतिथ्य में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के पत्रकारों को तिलक लगाकर साफा बांधकर सम्मानित किया गया।

पार्षद सुशीला बरेठा ने बताया कि बारिश के मौसम में क्षेत्र में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप और नालियों से आ रही बदबू से निजात दिलाने के लिए उन्होंने अपने निजी खर्च से एक टैंकर में फिनायल और कीटनाशक का घोल तैयार करवाया। इसका छिड़काव अभियान उनके वार्ड एवं मोहल्ले में शुरू किया गया। टैंकर का शुभारंभ पत्रकारों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर चंदन बरेठा, बादल बरेठा, रामबाबू दांगी, वंदना दांती, वरिष्ठ पत्रकार दिनेश जमींदार, अजय टेलर, योगेश भावसार, रवि टेलर, राजेश राठौर, कमलेश शर्मा, रजनीश राठौर, बी.एल. गुर्जर, महेंद्र मेरोठा, मुकेश वैरागी सहित नगर के पत्रकारगण उपस्थित रहे। पार्षद ने कहा कि जनहित के कार्यों में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्ण है और स्वच्छ वार्ड बनाने में सभी का सहयोग आवश्यक है।

### पार्षद प्रतिनिधि मनोहर बरेठा की समाजसेवा की भी सराहना की

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि मनोहर बरेठा ने कहा कि मां चामुंडेश्वरी के आशीर्वाद से इस कार्य की शुरुआत की गई है। वार्डवासियों ने हम पर विश्वास कर जिम्मेदारी दी है, जिसका हम पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि मनोहर बरेठा हमेशा जनसेवा के काम करते रहते हैं। खिलचीपुर रोड पर उनका व्यवसाय है और विगत कई वर्षों से दुर्घटना होने पर वे स्वयं घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम करते हैं।

# बाइक दुर्घटना में शिवपुरी के दो छात्र घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सारंगपुर बायपास पर सोमवार को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक शिवपुरी जिले से इंदौर जा रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस की डायल-112 मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार शुरू किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरपाल पिता शिशुपाल एवं अंकित पिता मनोज रघुवंशी, निवासी कुशवंत जिला शिवपुरी, एक ही बाइक पर सवार होकर इंदौर की ओर जा रहे थे। दोनों छात्र बताए जा रहे हैं। सारंगपुर बायपास पर अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार शुरू किया। खबर लिखे जाने तक दोनों घायलों का उपचार जारी था। दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।



# 150 लीटर अवैध स्प्रिट जब्त एक आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶कालापीपल

अवैध एवं जहरीली शराब के निर्माण और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कालापीपल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 150 लीटर अवैध स्प्रिट (ओ.पी.) जब्त की है। बरामद स्प्रिट की अनुमानित कीमत 1.50 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हैं। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं एसडीओपी निमेश देशमुख के निर्देशन में जिलेभर में अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान थाना प्रभारी रवि भंडारी के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सुभाष नगर निवासी राजेश कंजर और देव कंजर गणेशपुर जोड़ स्थित समेल पुलिया के नीचे जहरीली शराब बनाने में प्रयुक्त स्प्रिट से भरा ड्रम लेकर खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर देव पिता संतोष कंजर (18 वर्ष) निवासी सुभाष नगर को पकड़ लिया। उसके कब्जे से 150 लीटर स्प्रिट (ओ.पी.) से भरा ड्रम बरामद किया गया। वहीं राजेश पिता लाड़ सिंह कंजर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 363/2026 दर्ज कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) एवं 49-ए के तहत मामला कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी रवि भंडारी, उप निरीक्षक सुनीता मेवाड़ा, सहायक उप निरीक्षक अमित नागर सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शाजापुर पुलिस ने कहा है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीराम मंदिर के चंदे में अनियमितता के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास



भगवान श्रीराम मंदिर से जुड़े चंदे, चढ़ावे एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन ग्राम पंचायत सचिव लखनवास एवं कुंडीखेड़ा को सौंपकर निष्पक्ष न्यायिक जांच एवं दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्वतंत्र जांच, मंदिर ट्रस्ट के दान-चढ़ावे एवं संपत्तियों का वित्तीय ऑडिट कराने तथा पूरा विवरण सार्वजनिक करने की मांग की गई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक हैं, इसलिए श्रद्धालुओं के विश्वास से जुड़े इस मामले की पारदर्शी जांच आवश्यक है। इस अवसर पर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सोंधियां, बाबूलाल मीणा, रिंकू बना लखनवास,से,तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार जाट, युवा कांग्रेस ब्लॉक महासचिव मोहित शिवहरे लोधीपुरा, विजय सिंह लववंशी मंडलम, छोटेलाल सोंधिया, दिलीप वर्मा, पप्पू सोंधिया, रामबाबू, इमरत, भंवरलाल सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# शिव-पार्वती परिवार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का दो दिवसीय अनुष्ठान शुरू, दी आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़



नगर में शिक्षक कॉलोनी ब्यावरा रोड़ स्थित नव निर्मित शिव-पार्वती परिवार मंदिर में दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना महोत्सव का शुभारंभ शनिवार सुबह 8 बजे वैदिक विधि-विधान के साथ हुआ। धार्मिक अनुष्ठान का संचालन गायत्री परिवार द्वारा कराया जा रहा है।

अनुष्ठान के प्रथम दिन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के अनेक दंपतियों ने विधिवत आहुति देकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा, महंत दीपेंद्र दास खाकी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मंदिर में सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना की। इसके बाद दिनभर महिला मंडल द्वारा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्तिमय वातावरण में देर तक शामिल रहे। आयोजन समिति ने बताया कि रविवार सुबह शुभ मुहूर्त में शिव-पार्वती परिवार की प्राण प्रतिष्ठा एवं स्थापना संपन्न होगी। इसके पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह का माहौल है।

## मेडिटेशन के साथ स्वास्थ्य व कार्यों की समीक्षा

**विदिशा।** जिले के सभी थाना-चौकी, पुलिस लाइन एवं पुलिस कार्यालयों में रविवार को प्रत्येक रविवार—थाना परिवार अभियान के तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत ऑनलाइन हार्टफुलनेस मेडिटेशन से हुई, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने तनाव प्रबंधन, मानसिक संतुलन और कार्यक्षमता बढ़ाने का संकल्प लिया। इसके बाद अपराध नियंत्रण, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण, महिला संबंधी शिकायतों के शीघ्र समाधान, कानून-व्यवस्था तथा जनसुनवाई की समीक्षा की गई। थाना परिसरों की साफ-सफाई, अभिलेखों के संधारण और कार्यालयीन व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। 40 वर्ष से अधिक आयु के पुलिसकर्मियों की हेल्थ प्रोफाइल तैयार करने, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, योग और व्यायाम पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को अभिलेख अद्यतन रखने तथा वरिष्ठ अधिकारियों के संभावित निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

### नहीं हुई कार्रवाई, हालात जस के तस

# परेशानी: लखनवास बालाजी गैस एजेंसी की मनमानी जारी



हरिभूमि न्यूज. ब्यावरा/लखनवास

क्षेत्र के श्री बालाजी इंडियन गैस एजेंसी लखनवास की मनमानी से उपभोक्ता परेशान हैं। एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी नहीं दी जाने के कारण बाजार में ग्राहकों की भीड़ लगने से जाम की स्थिति बन रही है। उपभोक्ताओं को घंटों तक एजेंसी कार्यालय के बाहर पर्ची के लिए खड़ा होना पड़ता है, जिसके बाद करीब 3 किमी दूसर एजेंसी से टंकी लेनी पड़ती है। इसके बाद भी एजेंसी संचालक द्वारा टंकी पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली की जाती है। इस मामले को लेकर तहसीलदार सुठालिया को उपभोक्ताओं और न्यूज पेपर के माध्यम से भी करीब एक सप्ताह पहले अवगत कराया गया था, लेकिन उसके बाद भी तहसीलदार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की है। जिसके कारण उपभोक्ता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा और अभी भी हालात जस के तस बने हुए हैं। लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण उपभोक्ताओं ने जिला प्रशासन से एजेंसी संचालक से तुरंत होम डिलेवरी बहाल करवाने की मांग की है।

### सरपंच पद का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ

# राजकुमार वर्मा बने सुल्तानिया पंचायत के सरपंच, 5 वोटों से जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

राजगढ़ जिले के सारंगपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सुल्तानिया में सरपंच पद रिक्त होने के बाद जिला पंचायत राजगढ़ एवं जनपद पंचायत सारंगपुर के निर्देशानुसार सोमवार को सरपंच पद का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। पूर्व सरपंच जितेंद्र हाथिया को पद से पृथक किए जाने के बाद रिक्त हुए सरपंच पद के लिए विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें पंचायत के निर्वाचित पंचों ने मतदान कर नए सरपंच का चयन किया। निर्वाचन प्रक्रिया जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोविल के निर्देशानुसार निर्वाचन अधिकारी बलवीर सिंह जाटव की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान पंचायत सचिव गजराजसिंह रुहेला, पटवारी लालसिंह भिलाला एवं सहायक सचिव बालचंद बैरागी ने निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई। सरपंच पद के लिए राजकुमार वर्मा पिता केशरसिंह एवं अवंतीबाई पति दिनेश बागरी ने नामांकन प्रस्तुत किया।



पंचायत के कुल 20 पंचों में से 19 पंचों ने मतदान किया, जबकि एक पंच मतदान में शामिल नहीं हुआ। मतगणना में राजकुमार वर्मा को 12 तथा अवंतीबाई को 7 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार राजकुमार वर्मा 5 मतों के अंतर से निर्वाचित घोषित किए गए। उन्हें शीघ्र ही जनपद पंचायत द्वारा निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पचोर थाना प्रभारी शकुंतला बामनिया, उदनखेड़ी चैकी प्रभारी सहित पुलिस बल एवं चैकीदारों की तैनाती रही। पूरे निर्वाचन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। राजकुमार वर्मा के सरपंच निर्वाचित होने पर पूर्व सरपंच देवीसिंह नागर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि गिरवर नागर, भाजपा नेता अमृत नागर, कमल नागर, उपसरपंच देवनारायण नागर, जगदीश धाकड़, गिरिराज शर्मा, लक्ष्मीचंद नागर, लाला पटेल, श्रीलाल नागर, बालचंद राठौर, दिनेश खटक, महेश नागर सहित ग्रामीणों ने बधाई देते हुए पंचायत के विकास एवं जनकल्याण के कार्यों के सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं।



## खबर संक्षेप

### बैठक में शामिल हुए विधायक इंजीनियर



**आष्टा।** आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास पर भोपाल पहुचे एवं विधानसभा भवन भोपाल में ₹प्रश्न एवं संदर्भ समिति₹ की बैठक में सहभागिता कर समिति के समक्ष आज राजस्व,उच्च शिक्षा एवं वन विभाग के रखे गये विभिन्न विषयों पर मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत किये जिस पर चर्चा की गई। स्मरण रहे मध्य प्रदेश विधानसभा की 'प्रश्न एवं संदर्भ समिति' एक महत्वपूर्ण स्थायी समिति है जिसका मुख्य उद्देश्य सदन में उठाए गए प्रश्नों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना और कार्यपालिका (प्रशासन) की जवाबदेही तय करना है।यह समिति सदन में लंबित या अधूरे आश्वासनों की पड़ताल करती है और विधानसभा की कार्यप्रणाली के नियमों के अंतर्गत अपनी जाँच रिपोर्ट विधानसभा अध्यक्ष को सौंपती है।

### पशुपालन व डेयरी विभाग ने शुरू की क्षीरधारा योजना

**आष्टा।** मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृध्दि,पशुओं की नस्ल सुधारने तथा पशुपालकों की आय में वृध्दि को लेकर क्षीरधारा ग्राम योजना शुरू की है। मप्र शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के मंत्री लखन पटेल द्वारा उक्त योजना की सम्पूर्ण जानकारी का एक पत्र आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को भेज कर उक्त योजना को जमीनी स्तर तक उतारने की आशा व्यक्त की। मप्र शासन की उक्त क्षीरधारा ग्राम योजना को सरकार की मंशा अनुरूप जमीनी स्तर पर उतारने हेतु भोपाल कार्यालय पर विभाग के डिप्टी डायरेक्टर आर के गुप्ता के साथ बैठक की एवं योजना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर इस योजना को ग्रामो तक जमीनी स्तर पर उतारने की योजना बनाने,क्षेत्र के बड़े ग्रामो में पशुपालकों के साथ बैठके कर योजना की जानकारी देने,योजना के उद्देश्यों से सभी को अवगत कराने के निर्देश दिये।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 370 पात्र हितग्राहियों को मिला लाभ

# सरकार जन्म से लेकर अंतिम समय तक नागरिकों के साथः रायसिंह मेवाड़ा

म्युनिटी हाल परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरण समारोह का हुआ आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में जहां भारत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं मध्य प्रदेश के दृढ़संकल्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रयासों से प्रदेश में चहूंमुखी विकास हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार केवल विकास कार्यों में ही आगे नहीं है, बल्कि वह जन्म से लेकर जीवन के अंतिम समय तक हर नागरिक के सुख-दुख में साथ खड़ी है।


इस आशय के विचार नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में कम्युनिटी हाल परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने व्यक्त किए। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं संक्षिप्त जानकारी देते हुए सीएमओ श्री प्रजापति ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत द्वितीय कार्ययोजना में 370 पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

#### सपनों को मिल रही उड़ान

कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों हितग्राहियों को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र को चरितार्थ करते हुए भाजपा सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर बैठे गरीब और वंचित तबकों को ऊपर उठाने का निरंतर कार्य कर रही है। श्री मेवाड़ा ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार भाजपा सरकार के राज में ही इतने बड़े पैमाने पर गरीब और आवासहीन परिवारों को अपने सपनों का पक्का घर देने का ऐतिहासिक काम पूरी पारदर्शिता के साथ हो रहा है।

#### खिले चेहरे, बांटे स्वीकृति पत्र

समारोह के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा सहित पार्षदों ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के स्वीकृति पत्र सौंपे। स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। नपाध्यक्ष ने सभी हितग्राहियों को बधाई देते हुए आग्रह किया कि वे अपने आवास का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करें ताकि वे जल्द से जल्द अपने स्वयं के पक्के घर में प्रवेश कर सकें।



#### एएचपी कार्ययोजना स्वीकृत

सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में अभी तक नगर के 2 हजार पात्र हितग्राहियों को योजना के तहत लाभान्वित किया जा चुका है। द्वितीय चरण में 919 पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर सभी के बैंक खातों में प्रथम किश्त के रूप में राशि अंतरित की जा चुकी है। नगर के ऐसे भूमिहीन एवं आवासहीन पात्र हितग्राही जिनके पास स्वयं की ना तो भूमि है और न ही आवास, ऐसे लोगों को लाभ दिलाने के लिए नगरपालिका द्वारा एएचपी कार्ययोजना स्वीकृत कराई जा चुकी है, जिसके तहत शासन स्तर पर भूमि आवंटन की प्रक्रिया प्रचलित है शीघ्र ही भूमि प्राप्त होने पर नगरपालिका द्वारा मकान का निर्माण कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इस अवसर पर नपाउपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, भाजपा जिला महामंत्री तारा कटारिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रूपेश राठौर, भाजपा जिला सहकार्यालय मंत्री उमेश शर्मा, पार्षद डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, डॉ. राजकुमार मालवीय, नवाब खां, अरशद अली, मेहमूद अंसारी, सुभाष नामदेव, शेख रईस, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, लता तेजपाल मुकाती सहित बड़ी संख्या में पात्र हितग्राहीगण, नपा कर्मचारीगण मौजूद थे। आभार मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोदकुमार प्रजापति ने व्यक्त किया तथा संचालन कुशलपाल लाला ने किया।

# आत्मकल्याण के बिना मनुष्य जीवन सफल नहींः मुनिश्री

### दीक्षा के मार्ग पर चलने का किया आह्वान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आष्टा तीर्थ श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर, किला स्थित उपाश्रय में धर्मसभा को संबोधित करते हुए पन्यास प्रवर यशोजित विजय महाराज साहब ने कहा कि आज का मनुष्य धन-संपत्ति अर्जित करने के पीछे तो निरंतर भाग रहा है, लेकिन अपने आत्मकल्याण के लिए समय नहीं निकाल पा रहा है। जबकि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा का उत्थान कर उसे परमात्मा के स्वरूप तक पहुंचाना है। प्रवचन की जानकारी देते हुए नरेन्द्र गंगवाल ने बताया कि मुनिश्री ने कहा कि सम्यक दर्शन भगवान महावीर द्वारा बताया गया मोक्ष का प्रथम द्वार है। भगवान महावीर ने इस संसार को असार बताया है।

यहां जन्म और मरण का चक्र निरंतर चलता रहता है। यदि इस चक्र से मुक्त होना है तो आत्मकल्याण के मार्ग पर चलकर सिद्ध पद की प्राप्ति का पुरुषार्थ करना होगा। उन्होंने कहा कि आज परिवार अपने बच्चों को सांसारिक शिक्षा और सफलता की प्रेरणा तो देता है, लेकिन बहुत कम लोग उन्हें धर्म, वैराग्य और दीक्षा के संस्कार प्रदान करते हैं। भव्य जीव ही कम आयु में भी वैराग्य के भाव जागृत कर दीक्षा का मार्ग अपनाता है। सच्चा सुख सांसारिक भोगों में नहीं, बल्कि त्याग, संयम और दीक्षा में है। दीक्षा के माध्यम से ही सम्यक दर्शन की प्राप्ति होती है। मुनिश्री ने कहा कि आज अधिकांश लोग भगवान की आज्ञा का पालन करने के बजाय केवल औपचारिक भक्ति तक सीमित हो गए हैं। आवश्यकता इस बात की है कि भगवान के बताए मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सार्थक बनाया जाए। भगवान के मंदिर में केवल दर्शन करने नहीं, बल्कि स्वयं भगवान बनने की भावना लेकर जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि मनुष्य को समय-समय पर स्वयं से प्रश्न करना चाहिए कि ₹मैं कौन हूं, इस संसार में क्यों आया हूं और मेरे जीवन का वास्तविक लक्ष्य क्या है? जब तक इन प्रश्नों का उत्तर नहीं मिलेगा, तब तक जीवन की दिशा स्पष्ट नहीं होगी। बच्चों का मन निर्मल होता है, इसलिए उनमें बचपन से ही धर्म, संस्कार और सदाचार के बीज बोना आवश्यक है। अपने आशीष वचनों में पन्यास प्रवर यशोजित विजय महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में विनय और विवेक का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, ₹यदि किसी के पास अपार धन-संपत्ति हो, लेकिन विनय और विवेक न हो, तो वह धन किसी काम का नहीं है। पारिवारिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि जो बहू अपनी सास को माता के समान सम्मान देती है, वह परिवार वास्तव में स्वर्ग के समान बन जाता है।

### विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री से मिले विधायक सुदेश राय



**सीहोर।** मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भेंट वार्ता की। उन्होंने मुख्यमंत्री को विधानसभा क्षेत्र में जारी जनहितेशी विकास कार्यों और आगामी विकास योजना की जानकारी दी। विधायक सुदेश राय ने शहरी और ग्रामीण अंचलों में प्रस्तावित विकास योजनाओं की प्रशासकीय स्वीकृति और धनराशि आवंटन को लेकर भी मुख्यमंत्री से विस्तार पूर्वक चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विधायक सुदेश राय के द्वारा रखे गए जनहितेशी निर्माण कार्य योजनाओं को शीघ्र ही प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# सांकेतिक आंदोलन कर 7 दिन का दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सिविल अस्पताल के डॉक्टर भूरेलाल परमार के साथ विगत दिनों हुई अभद्रता और गाली-गलौज के मामले में प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने से क्षेत्र के चिकित्साकर्मियों में भारी आक्रोश है। आरोपितों की गिरफ्तारी न होने से नाराज डॉक्टरों ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। इसी कड़ी में डॉक्टर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. नवीन मेहर के नेतृत्व में मंगलवार को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल में सांकेतिक आंदोलन कर अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। आंदोलन और डॉक्टरों के बढ़ते आक्रोश को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने डॉक्टरों को विश्वास दिलाया है कि आगामी 7 दिनों के भीतर आरोपितों के खिलाफ चालान कोर्ट में पेश कर दिया जाएगा।

#### मांग पूरी न होने तक काली पट्टी बांधकर काम करेंगे डॉक्टर

पुलिस के आश्वासन के बाद डॉक्टर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. नवीन मेहर ने स्पष्ट किया कि जब तक मामले में चालान पेश नहीं हो जाता, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने घोषणा की। जिले के सभी शासकीय डॉक्टर हाथों पर काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराते हुए कार्य करेंगे। यदि पुलिस प्रशासन द्वारा दिए गए 7 दिनों के समय के भीतर चालान पेश नहीं किया गया, तो पूरे जिले के डॉक्टर सामूहिक हड़ताल पर चले जाएंगे।

#### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन से शुरू हुआ था चरणबद्ध आंदोलन

इससे पहले, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमित माथुर के नेतृत्व में सिविल अस्पताल आष्टा के समस्त डॉक्टरों ने एसडीएम महोदय को एक ज्ञापन सौंपा था। डॉक्टरों ने आष्टा खंड के समस्त शासकीय अस्पतालों में हाथों पर काली पट्टी बांधकर काम करना शुरू कर दिया था, जिसे अब जिला अध्यक्ष के समर्थन के बाद पूरे जिले में लागू कर दिया गया है। डॉक्टरों ने साफ किया है कि यदि हड़ताल की नौबत आती है, तो अस्पतालों में केवल इमरजेंसी (आपातकालीन) सेवाएं ही बहाल रहेंगी, जबकि सामान्य ओपीडी और अन्य कार्य पूरी तरह ठप कर दिए जाएंगे। पीड़ित डॉ. भूरेलाल परमार ने 'गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन' के सभी साथियों से एकजुटता दिखाने की अपील की थी, जिसे पूरे जिले का समर्थन मिला है। मंगलवार को हुए सांकेतिक आंदोलन और ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से डॉ. अभिषेक नारेडा, डॉ. जयदीप सिसोदिया, डॉ. अंकित पुरवाल, डॉ. संतोष करंजा, डॉ. हीनोपमा ठाकुर, डॉ. राजेंद्र पांडे एवं डॉ. निर्मलेवाड़ा सहित चिकित्सा विभाग का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में डॉक्टर्स मौजूद रहे। डॉ. नवीन मेहर ने कहा कि डॉक्टरों के साथ अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन को 7 दिन का समय दिया गया है। चालान पेश होने तक हम काली पट्टी बांधकर काम करेंगे, लेकिन यदि तय समय में कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे जिले में चिकित्सा सेवाएं ठप कर हड़ताल की जाएगी।

# बाबा अमरनाथ और माता वैष्णो देवी के दर्शन कर सीहोर लौटा 55 श्रद्धालुओं का जत्था, रेलवे स्टेशन पर किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



बाबा अमरनाथ सेवा मंडल, गल्ला मंडी, सीहोर के तत्वावधान में आयोजित पवित्र अमरनाथ यात्रा संपन्न कर 55 श्रद्धालुओं का पहला जत्था मंगलवार सुबह मालवा ट्रेन से सीहोर लौटा।बाबा अमरनाथ सेवा मंडल के सदस्य रामभरोस यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं का यह जत्था 3 जुलाई को मालवा ट्रेन से सीहोर से रवाना हुआ था। 10 दिवसीय इस धार्मिक यात्रा में सभी श्रद्धालुओं ने दुर्गम पहाड़ी रास्तों से होते हुए पवित्र गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। बाबा अमरनाथ के दर्शन के बाद सभी श्रद्धालु माता वैष्णो देवी के दरबार भी पहुंचे और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के दौरान सेवा मंडल द्वारा श्रद्धालुओं के खाने-पीने और ठहरने की संपूर्ण व्यवस्था की गई थी।रेलवे स्टेशन पर हुआ जोरदार स्वागतसफल यात्रा कर लौटे सभी 55 श्रद्धालुओं का मंगलवार सुबह सीहोर रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। हिंदू संगठन, सामाजिक संगठन, राजनैतिक दलों के पदाधिकारी और श्रद्धालुओं के परिजन बड़ी संख्या में स्टेशन पहुंचे। सभी ने फूल-माला पहनाकर और जयकारों के साथ श्रद्धालुओं का स्वागत किया। माहौल बम बम भोले और जय माता दी के नारों से गूंज उठा।श्रद्धालुओं ने बताया कि बाबा की कृपा से यात्रा बिना किसी बाधा के पूरी हुई। कठिन रास्तों के बावजूद सभी ने सकुशल दर्शन किए।

### 48 निर्जल उपवास के साथ गणधर वलय व्रत का विधान कराकर किया उद्यापन

# साध्यसागर महाराज ने दिया एकता और पुण्य संचय का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागरजी महाराज एवं आचार्य श्री 108 विराग सागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 साध्य सागर महाराज का ससंघ सोमवार सुबह इंदौर नाका स्थित अरिहंतपुरम से आष्टा नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। समाजजनों ने जयघोष, भक्ति एवं श्रद्धा के साथ मुनिसंघ की अगवानी की। नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मुनिसंघ श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र, किला मंदिर पहुंचा, जहां महिलाओं ने मंगल गीतों एवं मंगल कलश के साथ मुनिश्री का भावपूर्ण पाग प्रक्षालन कराया। किला मंदिर में देव, शास्त्र एवं गुरु सेवा के प्रति समर्पित नरेंद्र–संगीता श्रीमोड़ एवं सुरेंद्र–वर्षा श्रीमोड़ परिवार द्वारा किए जा रहे गणधर वलय व्रत के पूर्ण होने पर मुनिश्री साध्य सागर महाराज ने मंत्रोच्चार के साथ विधान में अर्घ्य चढ़वाकर व्रत का उद्यापन कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति-भाव से धार्मिक अनुष्ठान में सहभागी बने।समाज के नरेंद्र गंगवाल ने बताया कि गणधर वलय व्रत के अंतर्गत 48 निर्जल उपवास पूर्ण कर सोमवार, 13 जुलाई को पार्श्वनाथ भगवान के साक्षात दरबार में मुनिश्री के सानिध्य में विधि-विधान पूर्वक उद्यापन संपन्न हुआ। इस व्रत में तीर्थंकर भगवान के प्रथम शिष्यों गणधर परमेष्ठियों की विशेष आराधना एवं भक्ति की जाती है। उद्यापन के अवसर पर प्रातःकाल जिनाभिषेक, शांतिधारा एवं श्री गणधर वलय मंडल विधान श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

#### धर्मसभा में मुनिश्री ने दिया आत्मकल्याण और एकता का संदेश

धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री साध्य सागर महाराज ने कहा कि जैसे सभी नदियां अंततः सागर में मिल जाती हैं, उसी प्रकार सभी साधनाओं का अंतिम लक्ष्य आत्मकल्याण और मोक्ष की प्राप्ति है। उन्होंने कहा कि जीव जब आत्म स्वरूप की ओर अग्रसर होता है, तब वह धन, वैभव और सांसारिक इच्छाओं से ऊपर उठ जाता है। मुनिश्री ने समाजजनों से आह्वान किया कि वे आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता के साथ धार्मिक कार्यों में सक्रिय रहें तथा जहां भी मुनिसंघ का आगमन हो, वहां चातुर्मास की विनती कर धर्मलाभ एवं पुण्य अर्जित करें। उन्होंने कहा कि ₹छोटी-छोटी कषायें ही जीव को भव-भव तक भटकाती हैं। इसलिए राग-द्वेष, अहंकार और भेदभाव का त्याग कर धर्म एवं आत्मचिंतन के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए। तीनों लोकों में यदि सबसे मूल्यवान कुछ है, तो वह तीर्थंकर भगवान का सानिध्य और धर्म का मार्ग है। मुनिश्री ने आष्टा के किला मंदिर की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक पावन तीर्थ है, जहां भगवान के दर्शन मात्र से भी पुण्य का अर्जन होता है। उन्होंने अपने जीवन का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि ₹एक समय ऐसा भी था जब मैं मंदिर जाने में संकोच करता था, लेकिन भगवान के प्रति श्रद्धा और दर्शन का भाव बना रहा। उसी पुण्य और प्रभु कृपा से आज मुझे मुनि जीवन प्राप्त हुआ है।₹उन्होंने कहा कि मुनिराज किसी एक स्थान या समाज के नहीं होते, वे अपने निर्धारित समय के अनुसार विहार करते हुए धर्म का प्रचार करते हैं। इसलिए समाज को व्यक्तियों के बजाय धर्म और सिद्धांतों से जुड़ना चाहिए। धन-संपत्ति के संग्रह के बजाय पुण्य का संचय करना ही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने रत्नत्रयधारी मुनियों के जीवन से प्रेरणा लेने और आपसी भेदभाव छोड़कर धर्म, तीर्थ एवं समाज की ऊर्जा को सुरक्षित रखने का संदेश दिया।धर्मसभा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से मुनिश्री के प्रवचन सुने और धर्म आराधना का लाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन का वातावरण भक्ति, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर रहा।

# राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के पदाधिकारियों का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने आज विश्रामगृह पर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के नये जिला इकाई के अध्यक्ष ठाकुर राजेंद्र सिंह परिहार, उपाध्यक्ष ठाकुर तेज सिंह सांचौरा चौहान, महामंत्री सुरेंद्र सिंह सोनगरा चौहान का सम्मान कर बधाई दी । इस अवसर पर विधायक जी को अवगत कराया कि श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का मुख्य उद्देश्य राजपूत युवाओं को एकत्र करना,राजपूत समाज की ऐतिहासिक विरासत, गौरव गाथाओं की रक्षा करना और उनको गलत चित्रण से बचाना सामाजिक एवं राजनीतिक सशक्तिकरण राष्ट्र और संस्कृति,गो रक्षा के साथ शोषित,पीड़ित, निराश्रित लोगों की सहायता करना, हिंदू राष्ट्र के सिद्धांतों का समर्थन करना है । श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना सम्मान समारोह में पधारे क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, कमल सिंह पटेल, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, मानसिंह ठाकुर, अभिजीत सिंह ठाकुर, पंकज ठाकुर एवं संगठन के पदाधिकारी संभाग प्रमुख देवेंद्रसिंह ठाकुर , डोडी मंडल अध्यक्ष नरेंद्रसिंह ठाकुर, बजरंग सेना प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर, चंदर सिंह ठाकुर, नारायणसिंह ठाकुर, कमल सिंह ठाकुर, शैलेंद्रसिंह ठाकुर ने सभी नये पदाधिकारियों का स्वागत किया एवं बधाई दी ।